समाचार

# 10 जून को वार्ड क्र. 09, 12, 27, 34, 47, 51, 56, 62 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट



कोरबा 09 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 10 जून गुरूवार को वार्ड क्र. 09, 12, 27, 34, 47, 51, 56, 62 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1125 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 52433 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जून गुरूवार को वार्ड क्र. 09 कर्रानाला, वार्ड क्र. 12 चिमनीभट्ठा, वार्ड क्र. 27 रामनगर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 34 बेलगरी बस्ती, वार्ड क्र. 47 गोपालपुर, वार्ड क्र. 51 केंदईखार, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई, वार्ड क्र. 62 जेलपारा चुनचुनीपारा के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।